cater to the needs of insured persons in Garden Reach area, which is not far off. However, the feasibility of opening another hospital at Garden Reach area is being examined by the State Government.

**मांगरोल, जिला जूनागढ़ के लिए माधवपुर (घेड़) से दुहरी टेलीफोन लाइन**

3180. **श्री धर्मसिंह भाई पटल :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के जूनागढ़ जिले में माधवपुर (घेड़) से मांगरोल तक दुहरी टेलीफोन लाइन की व्यवस्था करने का काम कब शुरू हुआ था और इस बारे में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) उक्त दुहरी लाइनों के कब तक चालू हो जाने की संभावना है; और

(ग) क्या व्यापारियों ने इस बारे में कोई मांग या आन्दोलन किया था और यदि हां, तो कब और उन्होंने कैसी मांग की थी तथा उस पर सरकार ने क्या कार्रवाई की है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) और (ख). यह काम जुलाई, 1977 में शुरू हो गया है । दूसरे पेयर को स्थान देने के लिए ब्रैकेट लगाए जा रहे हैं । बेहतर रखरखाव हो सके, इसके लिए लाइन को भी दूसरी जगह हटाया जा रहा है । आशा है कि दूसरे पेयर बिछाने का काम वर्ष 1978 के शुरू में पूरा हो जाएगा ।

(ग) असंतोषजनक टेलीफोन सेवा के विरुद्ध जुलाई, 1977 में एक आन्दोलन हुआ था । खराबियां दूर कर दी गई हैं और ट्रंक सेवा को बेहतर बनाने के लिए दूसरा ट्रंक सर्किट देने का काम चल रहा है ।



**सामाणा, जामनगर जिलों में टेलीफोन केन्द्र**

3180. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के जामनगर जिले में जामजोधपुर तालुका के समाणा ग्राम के 20 व्यक्तियों ने वहां टेलीफोन केन्द्र खोलने के लिए एक वर्ष पहले धनराशि जमा करा दी थी; और

(ख) यदि हां, तो वहां पर टेलीफोन केन्द्र कब तक खोला जायेगा ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) जी, हां ।

(ख) समाणा में 50 लाइन का एक छोटा आटोमेटिक एक्सचेंज लगाने की योजना बनाई गई है । पहले यह आशा की जाती थी कि यह एक्सचेंज मार्च, 1978 तक चालू हो जाएगा । किन्तु कुछ लाइन सामग्री की अस्थायी रूप से कमी हो जाने के कारण अब यह आशा की जाती है कि यह एक्सचेंज 1978–79 में चालू हो जाएगा ।

**धाका टेलीफोन एक्सचेंज से जामनगर जिले के शेडवडाला को जोड़ना**

3181. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिला जामनगर गुजरात के जामजोधपुर तालुका के शेडवडाला ग्राम पंचायत ने धाका टेलीफोन एक्सचेंज से टेलीफोन लाइन की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त गांव को कब टेलीफोन कनेक्शन दिया जायेगा ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) जी हां ।